
# सलमान खान ने रणवीर सिंह को बताया सुपरस्टार, दिया यह कॉम्प्लिमेंट

''सभी लोग शाहरुख खान, आमिर खान, अक्षय कुमार और रणवीर सिंह नहीं हैं''



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के गली बॉय रणवीर सिंह अपनी ऐक्टिंग के दम पर सबके दिलों पर राज कर रहे हैं। रणवीर सिंह अपनी अभिनय क्षमता के अलावा अपने ड्रेसिंग सेंस को लेकर भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचते रहते हैं। रणवीर की फैन फॉलोइंग भी जबरदस्त है। वहीं, उनकी फैंस की लिस्ट में दबंग सलमान खान का नाम जुड़ चुका है। वहीं, सलमान खान ने भी रणवीर को सुपरस्टार मान लिया है। सलमान ने कहा कि शाहरुख खान, आमिर खान, और अक्षय कुमार की तरह रणवीर सिंह के अंदर काम करने की क्षमता है।

हाल में ही सलमान खान ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि अगर कोई मुझसे फिल्मों में खुद को लॉन्च करने के लिए कहता है तो मैं ऐसे ही उसे काम नहीं देता। जबतक उसके काम करने की क्षमता नहीं पता चल जाती।

सभी लोग शाहरुख खान, आमिर खान, अक्षय कुमार और रणवीर सिंह नहीं हैं। रणवीर सिंह के लिए सलमान खान का यह कॉम्प्लिमेंट सच में बड़ा है। सलमान खान और रणवीर सिंह आकाश अंबानी की शादी में एक साथ नजर आए थे।

बता दें कि रणवीर सिंह ने सन २०१० में फिल्म बैंड बाजा बरात से अपने फिल्म करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने रामलीला, बाजीराव मस्तानी, पद्मावत और सिंबा जैसी सुपरहिट फिल्में दीं। वहीं, सलमान इस समय अली अब्बास जफर की फिल्म भारत में नजर आएंगे। उनके साथ फिल्म में कटरीना कैफ हैं।

# श्रद्धा कपूर ने छोड़ी साइना नेहवाल की बायॉपिक, परिणीति लेंगी उनकी जगह

बीते साल सितंबर में बॉलिवुड ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने साइना नेहवाल की बायॉपिक की शूटिंग शुरू की थी। इसके लिए उन्होंने ट्रेनिंग भी ली थी। लेकिन कुछ दिन शूट करने के बाद उनको डेंगू हो गया और ब्रेक लेना पड़ा। रिपोर्ट्स थीं कि श्रद्धा अप्रैल में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। हालांकि अब ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक अमोल गुप्ते के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में श्रद्धा की जगह अब परिणीति चोपड़ा लेंगी। फिल्म के प्रड्यूसर भूषण कुमार हैं।

यह फैसला श्रद्धा कपूर के टाइट शेड्यूल की वजह से लिया गया। वह इस वक्त छिछोरे और स्ट्रीट डांसर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इतना ही नहीं साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ अगस्त में उनकी फिल्म साहो भी रिलीज होने को है। श्रद्धा टाइगर श्रॉफ के साथ बागी 3 में भी नजर आएंगी। बहुत कोशिशों के बाद भी साइना की बायॉपिक के लिए डेट्स क्लैश हो रही थीं इसीलिए श्रद्धा को फिल्म छोड़नी पड़ी। यह फैसला दोनों पार्टीज ने आपसी सहमति से लिया है।

परिणीति को स्क्रिप्ट पसंद आई और वह जल्द ही इसकी तैयारी शुरू करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने बताया कि वह इस साल के आखिर तक फिल्म की शूटिंग खत्म करके २०२० की शुरुआत में इसे रिलीज करना चाहते थे। इसीलिए यह फैसला लेना पड़ा।



# कंगना रानौत देश की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक : राजकुमार



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अभिनेता राजकुमार राव को लगता है कि उनकी पीढ़ी के हर युवा अभिनेता में हिंदी फिल्म उद्योग का सुपरस्टार बनने की क्षमता है क्योंकि वे सभी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। राजकुमार ने एज-फेमिना महाराष्ट्र अचीवर्स अवार्डस २०१९ के इतर मीडिया से यह बात कही। राजकुमार के अलावा वरुण धवन, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, आयुष्मान खुराना, टाइगर श्रॉफ और सुशांत सिंह राजपूत जैसे युवा अभिनेता हिंदी फिल्म उद्योग में बेहतरीन काम कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि किस अभिनेता में सुपरस्टार बनने की क्षमता है इस पर उन्होंने कहा, हर युवा अभिनेता में सुपरस्टार बनने की क्षमता होती है। मैं यह कहने वाला कौन होता हूं कि कौन से अभिनेता में सुपरस्टार बनने की क्षमता है या कौन से में नहीं है? मैं वास्तव में खुश हूं कि हम एक उद्योग के रूप में अच्छा काम कर रहे हैं और उसी के कारण हम हर दूसरे अभिनेता से अच्छा प्रदर्शन देखने में सक्षम हैं। राजकुमार ने कहा, जब मैं स्क्रीन पर अच्छा प्रदर्शन देखता हूं तो यह मुझे बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करता है। राजकुमार ने अपनी अगली फिल्म मेंटल है क्या को लेकर कहा, हम जल्द ही इस फिल्म की रिलीज की घोषणा करने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म में कंगना रानौत के साथ काम करने का अनुभव पूछे जाने पर राजकुमार ने कहा, मेरा उनके साथ काम करने का अनुभव काफी अच्छा था। मुझे लगता है कि वह इस देश की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं।

# थिएटर मुख्यधारा के सिनेमा से अलग मंच और माध्यम होता है: मिनिषा लांबा



**बॉलीवुड अभिनेत्री मिनिषा लांबा का कहना है कि थिएटर मुख्यधारा की फिल्मों से अलग, दर्शकों से सीधा रूबरू कराने और अपनी बात उनके दिल में उतारने का बिल्कुल अलग किस्म का माध्यम है। मिनिषा लांबा एक नाटक हैलो जिंदगी में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि थिएटर मुख्यधारा के सिनेमा से अलग मंच और माध्यम होता है।**

हालांकि मुझे पहले इसमें काम करने का मौका नहीं मिला, लेकिन मुझे ये बहुत पसंद है। नाटक में अपने किरदार के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह बहुत मजेदार नाटक है। इसमें मैंने एक बहू का किरदार निभाया है जो अपने पति को तलाक दे चुकी है और अपनी सास के साथ रहती है, जिसके बाद वहां कई हास्य परिस्थितियां पैदा होती हैं। नाटक के निर्देशक रमन कुमार के बारे में अभिनेत्री ने कहा कि वे थिएटर के विशेषज्ञ हैं, और कलाकार को काफी सहयोग करते हैं। नाटक के साथी कलाकारों के बारे में पूछने पर मिनिषा ने बताया कि हम लोगों ने काफी मजा किया। उनके साथ काम करने का अनुभव मजेदार रहा। काम खत्म होने के बाद हम लोग काफी बातें करते थे।

साल २००५ में यहां फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री फिलहाल कोई फिल्म नहीं कर रही हैं। इसमें उनके साथ जिमी शेरगिल प्रमुख भूमिका में थे। इसके बाद उन्होंने कार्पोरेट, रॉकी : द रेबेल, एंथनी कौन है, हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड, अनामिका, शौर्य और दस कहानियां में भी काम कर चुकी हैं। इसके बाद उन्होंने यशराज फिल्म्स की बचना ऐ हसीनों, किडनैप के अलावा राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली फिल्म वेलडन अब्बा में भी काम किया है। इनके अलावा मिनिषा ने नाटकों छूना है आसमान, इंटरनेट वाला लव में भी काम किया है। मिनिषा इसके अलावा बिग बॉस 8 में भी प्रतिभागी रह चुकी हैं। वेब वर्ल्ड में प्रवेश करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी प्रस्ताव आ रहे हैं और अच्छा प्रस्ताव मिलने पर वे जरूर विचार करेंगी। 34 वर्षीय अभिनेत्री ने बताया कि यह उनका पहला हिंदी नाटक है, इससे पहले वे एक अंग्रेजी नाटक मिरर मिरर में काम कर चुकी हैं। मुंबई में एक फ्लैट में एक साथ रहने वाली पांच महिलाओं पर आधारित नाटक हैलो जिंदगी में मिनिषा के अलावा अन्य अभिनेत्रियां किश्वर मर्चेंट, डेलनाज ईरानी, गुड्डी मारुति और चित्रांशी रावत हैं। इसका मंचन 23 मार्च को नई दिल्ली स्थित कमानी सभागार में किया जाएगा।